**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.10.2024, थाना को0कर्नलगंज**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना को0कर्नलगंज पुलिस द्वारा 06 हत्याभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, आलाकत्ल गड़ासा, भाला, चाकू आदि बरामद-

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना को0कर्नलगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-465/2024 धारा 190, 191(2), 193(3), 115(2), 109 103 बीएनएस व 7 सी0एल0ए0 एक्ट से सम्बन्धित हत्याभियुक्तों- 01. ब्रम्हादीन कोरी, 02. मुन्ना कोरी, 03. सुरेश कोरी, 04. मुकेश कोरी, 05. लक्ष्मी, 06. सुन्दरपती को उत्तर खजुरिया निदानपुरवा व हरिगंवा डीहा व बंदरे बाबा स्थान से आने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही से आलाकत्ल 01 अदद गड़ासा, 01 अदद भाला, 01 अदद चाकू व 01 अदद भाले का फाल आदि बरामद किया गया। उक्त घटना में संलिप्त 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 29.10.2024 को प्रातः समय करीब 09.30 बजे थाना को0कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजुरिया में दो पक्षो के मध्य जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई ,जिसमे प्रथम पक्ष के ब्रम्हा आदि द्वारा द्वितीय पक्ष के मंशा राम व बबलू अवस्थी को चाकू से हमला किया गया जिससे मंशा राम की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई व मृतक के भतीजे घायल बबलू अवस्थी पुत्र पुत्तन अवस्थी का इलाज जिला अस्पताल गोण्डा में चल रहा है उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। उचाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के पिता नन्दलाल अवस्थी की लिखित तहरीर पर थाना को0कर्लनगंज पर मु0अ0सं0-465/2024 धारा 190, 191(2), 193(3), 115(2), 109 103 बीएनएस व 7 सी0एल0ए0 एक्ट बनाम ब्रम्हादीन आदि 07 नफर अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर प्रभारी निरीक्षक को0कर्लनगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में थाना को0कर्नलगंज पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्य संकलन व इलेक्ट्रानिक/मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने के 06 आरोपी अभियुक्तों 01. ब्रम्हादीन कोरी, 02. मुन्ना कोरी, 03. सुरेश कोरी, 04. मुकेश कोरी, 05. लक्ष्मी, 06. सुन्दरपती को उत्तर खजुरिया निदानपुरवा व हरिगंवा डीहा व बंदरे बाबा स्थान से आने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार कर उसके निशानदेही से आलाकत्ल 01 अदद गड़ासा, 01 अदद भाला, 01 अदद चाकू व 01 अदद भाले का फाल आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है तथा उक्त घटना में संलिप्त 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जुवेनाइल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. ब्रम्हादीन कोरी पुत्र दुलारे निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।
02. मुन्ना कोरी  पुत्र ब्रम्हादीन कोरी निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।
03. सुरेश कोरी पुत्र ब्रम्हादीन कोरी निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।
04. मुकेश कोरी पुत्र ब्रम्हादीन कोरी निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।
05. लक्ष्मी पत्नी सुरेश कोरी निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।
06. सुन्दरपती पत्नी ब्रम्हादीन कोरी निवासी निदानपुरवा खजूरिया थाना को0कर्नलकगंज, गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-465/2024 धारा 190, 191(2), 193(3), 115(2), 109 103 बीएनएस व 7 सी0एल0ए0 एक्ट थाना को0कर्नलगंज, जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. आलाकत्ल 01 अदद गड़ासा,
02. आलाकत्ल 01 अदद भाला,
03. आलाकत्ल 01 अदद चाकू
04. आलाकत्ल 01 अदद भाले का फाल बरामद।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक थाना को0कर्नलगंज, जनपद गोण्डा।
02. म0उ0नि0 खुशबू श्रीवास्तव,
03. उ0नि0 सुनील कुमार
04. हे0का0 अरविन्द कुमार राणा
05. म0आ0 गोल्डी मिश्रा
06. म0आ0 विद्या दूबे
07. का0 संजय यादव
08. का0 आदित्य यादव

मीडिया सेल, गोण्डा।

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.10.2024, थाना को0नगर**
**जनपद गोण्डा।**

**चोरी की घटनाओं का खुलासा, 05 शातिर चोर अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल व 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-697/24, धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0-799/24, धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर- पिंटू कुमार पुत्र मनमोहन नि0 निहालपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोंडा को सर्किट हाउस के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल व निशानदेही से 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 17.09.2024 को वादी महमूद पुत्र सकूर नि0 फिरोजपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी मोटरसाइकिल को गोंडा कचहरी से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 20.10.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त पिंटू कुमार पुत्र मनमोहन को सर्किट हाउस के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाईकिल व निशानदेही से 01 अदद चोरी की साइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0नगर पुलिस द्वारा अग्रिम वैद्यानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त अभियुक्त आर्थिक लाभ कमाने हेतु चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करता है। उक्त अभियुक्त ने दिनांक 09.09.2024 को गोण्डा कचहरी से पैशन प्रो मोटरसाईकिल चोरी की थी तथा कुछ दिन पूर्व ही उसने अपने चाचा के घर के पास से 01 साइकिल भी चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में पूर्व में थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. साकरून पत्नी शकुर निवासी मढ़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर,
02. रूकसाना पत्नी शमीम पुत्र शकुर निवासी लुचुईया मनवरिया थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर।
03. नूरजहां पुत्री शकुर निवासी मड़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।
04. खुशबुन्निशा पत्नी पप्पू निवासी मड़नी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर।

**अनावरित अभियोग-**

01. मु0अ0सं0-826/24, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

02. मु0अ0सं0-827/24, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. रूपये 3700/- नगद

02. 01 अदद चाँदी का सिक्का

03. 01 अदद मोबाइल फोन सादा सेट

04. काला गुलाबी रंग का बैग,

05. भूरे रंग के बैग में 01 जोड़ी कंगन (सफेद धातु)

06. 01 अदद नाक की कील (पीली धातु)

07. 02 जोड़ी पायल (सफेद धातु)

08. 01 जोड़ी कान की बाली (पीली धातु)

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

02. उ0नि0 केदारराम।

02. उ0नि0 राकेश कुमार।

03. उ0नि0 अविनाश सिंह।

04. हे0का0 मनोज यादव।

05. का0 अजय सरोज।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 30.10.2024, जनपद गोण्डा।</u>**

**<u>पदोन्नति</u>**
**<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा 04 उप निरीक्षक को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधो पर स्टार लगाकर बधाई दी गयी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की गयी।</u>**

आज दिनाकं 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में तैनात 03 पुलिस उप-निरीक्षकों 01. उ0नि0 श्री शेषमणि पाण्डेय(थानाध्यक्ष इटियाथोक), 02. उ0नि0श्री दिनेश सिंह (थानाध्यक्ष परसपुर), 03. उ0नि0 श्री लालबिहारी (थाना AHTU), 04. उ0नि0 अरविन्द कुमार सिंह(व0उ0नि0 कटराबाजार) को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई। महोदय द्वारा उन्हे निर्देशित किया गया कि अपने नई जिम्मेदारीयों को भलिभाँति समझे तथा प्राथमिकाता के आधार पर जनता की जनसमस्याओं को सुने व उनके समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण शत-प्रतिशत निस्तारण कराए।
**इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.10.2024, थाना कोतवाली नगर,**
**जनपद गोण्डा।**

**#खुशियों के पल दिव्यांगजन एवं बच्चों के संग**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ''भारतीय रेड क्रास सोसायटी'' पहुंचकर दिव्यांगजनो एवं बच्चो के साथ बिताए गए कुछ पल, तथा गिफ्ट व मिठाईयां बांटे गये, बच्चों ने कहा हैप्पी दीवाली सर-**

आज दिनांक 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत "भारतीय रेड क्रास सोसायटी" राजा मोहल्ला पहुँचकर दिव्यागंजनों एवं बच्चों को उपहार, मिठाई, फल, पटांखे, मोमबत्ती आदि भेंट कर उनके साथ कुछ पल बिताए गये तथा बच्चो को गोंद में उठाकर दुलार किया। बच्चों ने भी अपनेपन का एहसास पाकर पुलिस अधीक्षक को कहा हैप्पी दिवाली सर। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो पुलिस को तुरन्त बताएं आपकी तत्परता से सहायता की जाएगी । आप हमारे ही परिवार के सदस्य हैं आप कहीं से अपने आप को असहाय एवं अकेला ना समझे। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को निर्देशित किया है कि समय-समय यहाँ आकर दिव्यागंजनों एवं बच्चो का कुशलक्षेम पूछते रहे । गोण्डा पुलिस आप सब की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सदैव तत्पर है ।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 30.10.2024,**
**जनपद गोण्डा।**

**खुशियों के पल बच्चों के संग**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ‘’मण्डलीय बाल देखरेख संस्थान बाल गृह(शिशु)" पहुंचकर बच्चो के साथ बिताए गए कुछ पल, गोद में उठाकर बच्चो को किया गया दुलार, मिठाई, फल व पटाखा पाकर बच्चों ने कहा हैप्पी दीवाली सर-**

आज दिनांक 30.10.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ‘’मण्डलीय बाल देखरेख संस्थान बाल गृह(शिशु) " पोर्टरगंज पहुँचकर बच्चों को उपहार मिठाई, फल, पटांखे आदि भेंट कर उनके साथ कुछ पल बिताए गये। बच्चों ने भी अपनेपन का एहसास पाकर पुलिस अधीक्षक को कहा हैप्पी दिवाली सर। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो पुलिस को तुरन्त बताएं आपकी तत्परता से सहायता की जाएगी। आप हमारे ही परिवार के सदस्य हैं आप कहीं से अपने आप को असहाय एवं अकेला ना समझे। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को निर्देशित किया है कि समय-समय यहाँ आकर बच्चो का कुशलक्षेम पूछते रहे। गोण्डा पुलिस आप सभी की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सदैव तत्पर है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**